तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 3 सितंबर 2025



12 गोंड समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नवा खाई पर्व





11 राष्ट्रीय खेल दिवस पर हायर सेकंडरी में हुई ...







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065


# तांदुला बांध का जल स्तर बढ़ा, अब छलकने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश के बीच अब तांदुला छलकने को बेताब है। अगर जलाशय से पानी नहीं छोड़ा गया तो तांदुला को छलकने से कोई नहीं रोक सकता। यदि सिंचाई विभाग ने जलाशय से पानी नहीं छोड़ा तो जिलेवासियों को जल्द तांदुला के छलकते हुए मनोरम दृश्य देखने को मिल सकता है, अभी तांदुला का पानी हवा में हिलोरे मार रहा है। अब तांदुला नदी का जल स्तर लगातार बढ़ने लगा है, लेकिन प्रशासन इसे लेकर अब तक सतर्क नहीं है। बढ़ते जल स्तर के बाद भी ग्रामीण नदी को पार कर रहे हैं, जो खतरनाक भी हो सकता है। जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, जिससे खेत व नदी-नाले लबालब है, जिसका असर अब जिले के जलाशयों में भी देखने को मिल रहा है। जिले के प्रमुख जलाशयों में से एक जिले की जीवनदायिनी तांदुला जलाशय जिले में सोमवार को सुबह से लेकर दोपहर तक हुई भारी बारिश के कारण मंगलवार को हिलोरे मार रही है, जिससे हवा के कारण पानी उछलकर जलाशय से बाहर आ रहा है। इसे देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ उमड़ने लगी है।

वहीं पर्यटक आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि जलाशय से पानी छोड़ा जा सकता हैं, वहीं हवा में हिलोरे मारकर तांदुला ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बांध में समुद्र जैसे उठ रही लहर, मनोरम दृश्य बना







## खबर संक्षेप

### राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित शिक्षकों का कलेक्टर ने किया सम्मान



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने राज्यपाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए चयनित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय घोटिया के व्याख्याता नरोत्तम सिंह यादव एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौण्डीलोहारा की व्याख्याता ऐनुका सार्वा को अग्रिम बधाई दी। कलेक्टर मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिले के दोनों कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के दोनों प्रतिभावान एवं अपने कार्य के प्रति समर्पित शिक्षकों के कार्यों की सराहना की। इस दौरान राज्यपाल पुरस्कार हेतु चयनित दोनों शिक्षकों के द्वारा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को उनके जन्मदिन के अवसर पर पौधा भेंट किया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर के अलावा डीएमसी अनुराग त्रिवेदी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### बेटे ने मां-पिता को पीटा, अपराध दर्ज

**बालोद।** अपने नाती को खिरा खाने से मना करने की बात को लेकर बेटे ने अपनी मां के साथ मारपीट कर दी। मां ने बेटे के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है, जहां पुलिस ने 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। ग्राम मोहंदीपाठ निवासी भागवत बंजारे ने पुलिस को बताया कि मेरा एक ही लड़का रवि कुमार बंजारे है। हम दोनों अपने अपने परिवार के साथ एक ही घर में अलग-अलग रहते हैं। सुबह मेरी पत्नी सुमित्र बाई व मैं रोजी मजदूरी काम पर चले गये थे, रात करीबन 8.30 बजे मेरी पत्नी काम कर वापस घर आई, कुछ देर बाद मैं भी काम से वापस घर आया, तो मेरी पत्नी सुमित्र बाई बतायी कि सुबह नाती पूरब को सर्दी खासी हो जायेगी, कहकर खिरा खाने से मना की थी, तो उसी बात को लेकर मेरा लड़का रवि कुमार ने मेरी पत्नी के साथ वाद विवाद कर मारपीट किया। इसके बाद मुझे भी हाथ मुक्का लात से मारपीट ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बैठक

### जिले को कुपोषण मुक्त बनाने कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

# कुपोषित बच्चों की समुचित देखभाल करेंगे जिला अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले को कुपोषण मुक्त बनाने सभी जिला स्तरीय अधिकारी जिले के कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें सुपोषित बनाने हेतु उनका समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए।

कलेक्टर मिश्रा द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों से इस संबंध में सहमति लिए जाने पर सभी अधिकारियों ने इस पुनीत कार्य के लिए सहर्ष अपनी सहमति दी। कलेक्टर मिश्रा ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को इस संबंध में कार्य योजना बनाकर प्रत्येक जिला स्तरीय अधिकारियों को एक-एक कुपोषित बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों को भी अपने-अपने विकासखण्डों के कुपोषित बच्चों की समुचित देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिम्मेदारी देने को कहा। बैठक में मिश्रा ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण होने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी विभागों द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागों के द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का पोर्टल में नियमित रूप से एंट्री करने के निर्देश भी दिए।



कलेक्टर मिश्रा ने कुपोषित बच्चों को गोद लेने वाले सभी अधिकारियों को पौष्टिक भोजन, फल, अण्डा, दुध, गुड़ इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के अलावा उनका नियमित मॉनिटरिंग भी करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने संबंधित विभागों के द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने हेतु की जा रहे उपायों की समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सड़कों एवं चौक-चौराहों में विचरण करने वाले मवेशियों को हटाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने गौधाम ▶▶| शेष पेज 11 पर

### हेलमेट का कड़ाई से पालन

बैठक में मिश्रा ने जिले में सड़क दुर्घटना के रोकथाम के उपायों के अंतर्गत जिले के पेट्रोल पंपों में बिना हेलमेट पहनकर पेट्रोल खरीदी हेतु आने वाले दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नही देने संबंधी आदेश के क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मिश्रा ने जिला परिवहन अधिकारी को पेट्रोल पंपों में ऑथराइज्ड डीलर के माध्यम से हेलमेट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से डिजिटल फसल सर्वेक्षण के कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इस कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कृषि विभाग के उप संचालक से जिले में खाद, बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली।

# डुड़िया में मापदंड के खिलाफ हो रहा मुरूम खनन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

■ ठेकेदार को 6000 घन मीटर खोदाई की मिली है अनुमति

तहसील अंतर्गत आने वाले डुड़िया गांव में वैध तरीके से लीज में लेकर अब तो तरीके से मुरम खनन और परिवहन को अंजाम दिया जा रहा है। कुछ ही डेरे की अनुमति और बेहिसाब मुरम खनन कर राजस्व को चुना लगाया जा रहा है। दरअसल 28 जुलाई से राजनांदगांव जिले के सुग्रीव साहू को अर्जुंदा तहसील अंतर्गत आने वाले डुड़िया गांव के खसरा नंबर 635/1, 642 और 644/2 पर 6000 घन मीटर की अनुमति खनिज विभाग की ओर से मिली है। इसके बाद अनुमति की आड़ में बेतहाशा मुरम की खुदाई कर दूसरे जिले में अवैध तरीके से मुरम भेजा जा रहा है, लेकिन खनिज विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है।

### लीज की आड़ में जमीन का सीना छलनी

बालोद जिले के अर्जुंदा ब्लॉक के डूड़िया गांव में मुरूम खनन का वैध काम को अवैध तरीके से किया जा रहा है। महज 6000 घन मीटर की अनुमति के बावजूद इससे अधिक मात्रा में मुरम की खुदाई की जा चुकी है और अभी भी जारी है। आरोप है कि लीज वाली जमीन को छोड़कर दूसरी जमीन पर भी मुरम की खुदाई की जा रही है। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### मैं जांच करता हूं

खनिज विभाग का मामला है फिर भी मैं मामले की जांच करवाता हूं।

- **चंद्रशेखर चंद्राकर**, तहसीलदार, अर्जुन्दा

### जांच के बाद कार्रवाई

आपके माध्यम से जानकारी मिल रही है, जल्द पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

- **मीनाक्षी साहू**, जिला खनिज अधिकारी, बालोद

# जनदर्शन में पहुंचे ग्रामीणों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ अधिकारियों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन जिले के विभिन्न स्थानों से मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम बालोदगहन के बलराम साहू ने जमीन विवाद सुलझाने, ग्राम तितुरगहन के रामकिशुन ने वृद्धा पेंशन दिलाने, ग्राम सोंहपुर की परमिला बाई ने प्रधामनंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम तरौद की नीलिमा ने पढ़ाई हेतु आर्थिक सहायता दिलाने, ग्राम नेवारीकला के मुरलीधर ने वृद्धा पेंशन दिलाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया।

# कृषि विभाग की उच्च स्तरीय टीम पहुंची कचांदुर और गुंडरदेही सोसायटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पीओएस मशीन के स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में मिला अंतर, कारण बताओ नोटिस जारी



अपर संचालक कृषि आरके चन्द्रवंशी, संभागीय संयुक्त संचालक कृषि दुर्ग गोपिका गबेल द्वारा बालोद जिले में सेवा सहकारी समिति कचांदुर एवं डबल लॉक सेंटर, गुण्डरदेही का औचक निरीक्षण किया। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सेवा सहकारी समिति कचांदुर के पीओएस मशीन के स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में अंतर होने के कारण उन्हें उर्वरक निरीक्षक द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं उपलब्ध उर्वरकों को किसानों को तत्काल वितरण हेतु समिति प्रबंधक को निर्देश दिए गए।

संयुक्त संचालक कृषि द्वारा उपलब्ध उर्वरक को तत्काल एकनॉलेज कर वितरण हेतु निर्देश दिए। डबल लॉक सेंटर में भी प्राप्त उर्वरकों को तत्काल सोसायटियों में भेजने के निर्देश प्रसारित किए गए। इसी परिपेक्ष्य में राज्य स्तर से प्राप्त निर्देशानुसार विकासखण्ड गुरूर में निजी कीटनाशक विक्रय केन्द्र मेसर्स कलिहारी कृषि केन्द्र में जिला स्तरीय टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया तथा अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। विकासखण्ड गुण्डरदेही में मेसर्स गांधी हार्डवेयर एवं कृषि केन्द्र गुण्डरदेही के विक्रय परिसर का निरीक्षण किया गया। जहां अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उर्वरकों के वितरण, गुण नियंत्रण में पारदर्शिता लाने एवं कालाबाजारी रोकने के लिए कृषि विभाग के द्वारा सख्त ▶▶| शेष पेज 11 पर

# प्रधानमंत्री के मन की बात सुनने वाला प्रदेश में दूसरा स्थान बना बालोद जिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद







31 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम मन की बात का 125वां एपिसोड छत्तीसगढ़ में सुनने के मामले में बालोद जिला ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर भाजपा जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई दी और इसे संगठनात्मक एकता व समर्पण का प्रतीक बताया। जिला संयोजक शरद ठाकुर एवं सह-संयोजक रिंकू राजीव शर्मा ने इस सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, हमारा प्रयास रहेगा कि आने वाले समय में 'मन की बात' कार्यक्रम को और अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि हमारा जिला अगली बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिले के सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह, अनुशासन और समर्पण सराहनीय रहा।

## पूर्व नपा अध्यक्ष लोकेश्वरी सिखा रही महिलाओं और युवतियों को सिलाई

# सिलाई का प्रशिक्षण लेने में जुटीं अंचल की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी गोपी साहू इन दिनों अपने सौंदर्य संसार प्रतिष्ठान में डौंडीलोहारा और वनांचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आने वाली महिलाओं और जरूरतमंद लड़कियों को सिलाई का प्रशिक्षण दे रही है। उनके द्वारा पांच दिवसीय बैग बनाने का निशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



इसके अलावा शूट, ब्लाउज़, हैंड बैग, कॉलेज बैग, सफर बैग, कंपाज बॉक्स, मोबाइल बॉक्स, सहित अन्य कपड़ों की सिलाई का प्रशिक्षण में उनके द्वारा निरंतर जारी है। इस सिलाई प्रशिक्षण में खासकर वनांचल की ऐसे गांव से भी लड़कियां सिलाई सीखने को आ रही हैं, जो काफी जरूरतमंद है और उनके क्षेत्र में सिलाई के क्षेत्र में एक अच्छा रोजगार हासिल किया जा सकता है। भंवरमरा, पुनारकसा जैसे सुदूर वनांचल गांव से भी लड़कियां उनसे सिलाई सीखने के लिए पहुंच रही हैं। अपने कार्यकाल में नगर का करोड़ों का विकास कार्य करवाने वाली लोकेश्वरी साहू इन दिनों जरूरतमंद महिलाओं और लड़कियों को प्रशिक्षण देकर सिलाई के क्षेत्र में उनका नया भविष्य गढ़ने में जुटी हुई है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ममता चुरेंद्र सहगांव , रानी कोसमा डौंडीलोहारा, पूजा टंडन खैरीडीही, खिलेश्वरी पटेल चिल्हाटी, अंजू तारम चिल्हाटी, योगिता साहू रेगाडबरी , योगिता सिन्हा डौंडीलोहारा, लक्ष्मी राणा भंवरमरा, सुनीता साहू डौंडीलोहारा, कुमेश्वरी कारते पुनारकसा ▶▶| शेष पेज 11 पर

### शिक्षित होकर नौकरी करने के बजाय समाज सेवा की चुनी राह

हिंदी व अंग्रेजी में एमए के अलावा बीएड व टीईटी की परीक्षा पास होने के बाद भी उन्होंने नौकरी की बजाय जनसेवा को ही प्राथमिकता दी है। गृहिणी से ही नगर पंचायत अध्यक्ष बनी थी। अध्यक्ष रहने के दौरान भी उनकी दिनचर्या में कोई परिवर्तन नहीं आया है। जबकि कई लोग राजनीति में कदम रखने के बाद इसकी चकाचौंध में अपना पुराना व्यवसाय भूल जाते हैं, लेकिन लोकेश्वरी साहू एक कुशल गृहणी के अलावा आज भी सिलाई कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र में जाकर नियमित रूप से बालिकाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देती है। वहीं अपनी श्रृंगार सदन में ग्राहकों को सामान भी देती हैं। हिंदी व अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद वह बीएड तथा टीईटी की परीक्षा पास करने के बाद भी उन्होंने नौकरी की ओर ध्यान नहीं दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष बनने के बाद भी उनकी विगत पांच साल एक ही प्राथमिकता रही है नगर और समाज के लोगों की सेवा। अब अध्यक्ष नहीं है तो भी वह अपने मूल कार्य समाज सेवा से पीछे नहीं हटती ।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### अर्चना बनी तीज क्वीन

**भिलाई।** महिला समाज की शाखा सेक्टर-1 द्वारा भव्य तीज मिलन का आयोजन स्टील क्लब भिलाई में किया गया। अदिति ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के गेम हाऊजी, गानें, डांस, रेम्प वॉक का आयोजन किया गया। तीज क्वीन काम्पीटिशन में अर्चना वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रनर अप हर्ष रामटेक, सीमा लडार रहीं। अतिथि के रूप में भिलाई महिला समाज की कार्यकारी अध्यक्षा स्मिता गिरी, उपाध्यक्ष हवि निगम उपाध्यक्ष रेणु रविन्द्रनाथ मौजूद थीं। सचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष, शेता तिवारी, वर्किंग कमेटी की अतिथि सपना सोनी, रूखसान शेख, नीलिमा साइ, सुधा शमी, अदिति सिंगल, माधवी ठाकरे, रश्मि पुरोहित सहित अन्य मौजूद थे।

### एसएमएस-3 में स्टील ज़ोन क्विज़ का आयोजन



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में स्टील ज़ोन सेफ्टी क्विज़ का आयोजन एसएमएस-3, वर्क्स बिल्डिंग-5 के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। इस प्रतियोगिता में ठेका श्रमिकों ने सुरक्षा ज्ञान की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया। कुछ विभागों से अनस्किल्ड वर्कर श्रेणी की महिला प्रतिभागियों ने भी प्रतिभागिता दर्ज की। प्रतियोगिता में सात विभागों एसएमएस-2, एसएमएस-3, एमआरडी-आरएमडी, आरसीएल, ओपी-2, पीएलईएम तथा आरईडी ने भाग लिया। 21 टीमों में से एसएमएस-3 से हेमलता देवांगन, गलेन्द्र साहू और ताम्रध्वज की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय व तृतीय स्थान एसएमएस-2 से राजेश्वर प्रसाद वर्मा व सुमीत द्विवेदी तथा टी विजय कुमार और रूपेन्द्र कुमार साहू की टीम ने प्राप्त किया।

# डाक घर होने के बाद भी नहीं पहुंच रही घरों तक स्पीडपोस्ट व नॉर्मल डाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम क्षेत्र में आने के बाद भी कुरुद में संचालित पोस्ट ऑफिस ग्रामीण तरीके से चल रहा है। यहां स्पीडपोस्ट और साधारण डॉक तो आती है, लेकिन संबंधित के पास पहुंच नहीं पाती है। लोगों को अपना डॉक लेने खुद चलकर पोस्ट ऑफिस तक जाना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक इस पोस्ट ऑफिस में दो महिला स्टॉफ है। इसमें एक बीपीएम मुस्कान और एबीपीएम डॉली है। मुस्कान पोस्ट ऑफिस का काम देखती है और डॉल का काम डॉक वितरण करना होता है। डॉली लोगों के घर तक डॉक पहुंचाने की जगह उन्हें फोन करके सूचित करती है कि उनका डॉक आया है। इसके बाद यदि लोग पोस्ट ऑफिस जाकर डॉक नहीं लेते तो उनकी डॉक वहीं पड़ी रह जाती है। कई लोगों का कहना है कि यदि कोई व्यस्तता के कारण नहीं डॉक लेने जा पाया तो उस डॉक को रिटर्न कर दिया जाता है। कुरुद में संचालित डॉक घर में यह समस्या पिछले कई सालों से है, लेकिन इस स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

## कुरुद में संचालित पोस्ट ऑफिस आज भी पुराने ढर्रे पर चल रहा



### जरूरी डाक्यूमेंट्स तक नहीं पहुंच रहे पते पर

कुछ गांव के कुछ लोगों ने बताया कि कई बार उनके पैन कार्ड, बैंक एटीएम सहित नौकरी का प्रवेश पत्र और अन्य जरूरी डॉकूमेंट स्पीड पोस्ट से आता है। कुरुद पोस्ट ऑफिस में उस भी उनके घर तक समय से नहीं पहुंचाया जाता है। ना ले पाने पर या तो उसे रिटर्न भेज दिया जाता है या फिर जब तक मिलता है उसकी डेट निकल जाती है।

### बीपीएम ने कहा- नहीं है स्टॉफ

पोस्ट ऑफिस की बीपीएम मुस्कान ने बताया पोस्ट ऑफिस में वहीं दो महिला कर्मचारी हैं। डॉक बांटने की जिम्मेदारी डॉली की है। वो किसी भी डॉक एक हफ्ते से 10 दिन तक अपने पास रोक सकती है। डॉक अधिक होने वो उसे धीरे धीरे संबंधत तक पहुंचाती है।

## मजदूर हो रहे लामबंद, सीएलसी से शिकायत करने की तैयारी

# औद्योगिक क्षेत्र के हजारों ठेका मजदूर यूनियन नहीं होने का भुगत रहे खामियाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र भिलाई के उद्योगों के हजारों ठेका मजदूरों को वर्षों से दीपावली पर सालना बोनस के लिए तरसना पड़ रहा है। इस साल भी दुर्गापूजा व दिवाली के त्योहार के लिए माहभर बचा है लेकिन अब तक बोनस के लिए कोई सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। मजदूरों को औद्योगिक क्षेत्र में किसी मजबूत यूनियन के नहीं होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। श्रमिकों ने दुर्गापूजा पूर्व बोनस नहीं देने पर सीएलसी का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई का औद्योगिक क्षेत्र छत्तीसगढ़ का सबसे पुराना और सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है। यहां तीन सौ से चार सौ सहायक , लघु व मध्यम उद्योगों के साथ हैवी इंडस्ट्री स्थित हैं । इनमें तीस से चालीस हजार मजदूर काम करते हैं। लेकिन पिछले कई साल से कुछ बड़े उद्योगों व ईएमएसईएस को छोड़कर अधिकतर के मजदूरों को बोनस नहीं दिया जा रहा है। या बोनस के नाम पर मिठाई या लंच बाक्स अथवा हजार रुपए पकड़ा दिए जा रहे हैं। ठेका मजदूरों ने बताया कि पिछले बीस साल से बीएसपी और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों की तरह यहां कोई मजबूत यूनियन नहीं है। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संस्थापक व महासचिव शंकर गुहानियोगी की हत्या के बाद छमुमो के विभाजित हो जाने और एटक के भी उदासीन हो जाने से मजदूर यूनियनविहीन हो गए। इसका पूरा फायदा उद्यमी उठा रहे हैं।

## अधिकतर मजदूरों को नहीं मिल पा रहा सालों से बोनस



### सिर्फ बड़े उद्योगों के नियमित कर्मियों को लाभ

औद्योगिक क्षेत्र के चुनिंदा हैवी इंडस्ट्री के नियमित कर्मियों को बोनस का लाभ मिलता है। अधिकतर ठेका श्रमिकों को टोनक गिफ्ट या बोनस नहीं दिया जाता है। मजदूरों ने बताया कि अधिकतर सहायक,लघु व मध्यम उद्योगों के ठेका मजदूरों को सालों से दुर्गापूजा पूर्व या दिवाली पूर्व बोनस नही दिया जाता है। करीद दस साल पूर्व कुछ कर्मियो के समूहों ने सहायक श्रमायुक्त का दरवाजा भी खटखटाया था लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मजदूरों ने बताया कि कलेक्टर व उद्योग मंत्री को ज्ञापन देकर भी मांग किए थे। इस साल बोनस नहीं दिए जाने पर एएलसी को ज्ञापन देने के लिए बैठक बुलाई गई है।

### नियोगी की हत्या के बाद मजदूर सुविधा से वंचित

औद्योगिक क्षेत्र में 90 के दशक में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा नामक यूनियन का एकछत्र दबदबा था। इसके संस्थापक प्रसिद्ध श्रमिक नेता शंकर गुहानियोगी के नेतृत्व में सभी उद्योगों के हजारों मजदूर संगठित और हितों को लेकर एकजुट थे। मजदूरों ने बताया कि जीने लायक वेतन, बोनस आदि अन्य निर्धारित सुविधाओं की मांगों को लेकर श्रम विभाग, जिला प्रशासन से लेकर केंद्र सरकार व राष्ट्रपति तक मांगें पूर्ण करने की मांग को लेकर दस साल तक रैलियां ,सभाएं ,धरना प्रदर्शन और रेल रोको आंदोलन तक किए गए पर कोर्ट के आदेश बाद भी मांगें पूरी नही की गई। इस दौरान यूनियन प्रमुख नियोगी की 28 सितंबर 1991 में हत्या के बाद 1 जुलाई 92 को पावरहाउस स्टेशन में रेल रोको आंदोलन के दौरान गोलीचालन में 18 मजदूरों की जानें गईं। इसके बाद यूनियन के साथ मजदूर भी बिखर गए।

## गणेश उत्सव



बाल गणेश उत्सव समिति आदिवासी कॉलोनी डौंडीलोहारा



**लाटाबोड़।** बाल युवा गणेश उत्सव समिति बाजार चौक पसौद





बाल गणेश उत्सव समिति रेंगाडबरी

## भाजपा युवा मोर्चा का प्रदर्शन, फूंका कांग्रेस और राहुल गांधी का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरुद्ध अपशब्द कहे जाने के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन कर कड़ा विरोध जताया। जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि बिहार के दरभंगा में इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की स्वर्गीय माताजी के खिलाफ की गई टिप्पणी से देश की जनता आक्रोशित है। जवाब वोट के माध्यम से देकर इस तरह के लोगों और उनके दल को जनता मिट्टी में मिला देगी। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमित मिश्रा ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि लोकतंत्र में विरोध के कई मर्यादित तरीके होते हैं, लेकिन देश के प्रधानमंत्री के लिए जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग किया गया है, वह इंडी गठबंधन की दूषित मानसिकता को उजागर करता है. देश के प्रधानमंत्री व उनके परिवार के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है. देश की गरिमा और सम्मान के खिलाफ बोलने वालों को जनता माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर वीरेंद्र साहू, प्रेमलाल साहू, बिजेंद्र सिंह, मिथिला खिचरिया, विनोद सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



## बीएसपी ओए का चुनाव 19 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑफिसर्स एसोसिएशन (ओए) ने 2025-2027 कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी के चुनावों की घोषणा कर दी है। चुनाव शुक्रवार, 19 सितंबर को होंगे। इसमें निर्धारित केंद्रों पर मतदान होगा और उसी शाम भिलाई क्लब में मतगणना शुरू होगी।

बीएसपी के आईआर विभाग द्वारा जारी

- तीन से नामांकन जमा होंगे

अधिसूचना के अनुसार ओए के वे सभी सदस्य जिनकी सेवानिवृत्ति 31 अगस्त 2027 को या उससे पहले नहीं होनी है, वे संबंधित क्षेत्रों के अनुसार अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के पदों के लिए चुनाव लड़ने के पात्र होंगे।

नामांकन पत्र 3 सितंबर से 6 सितंबर तक कार्यालय समय के दौरान, मानव संसाधन विकास केंद्र के कमरा संख्या 13 में उपलब्ध हैं। कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्यों के लिए विशेष छूट दी गई है, जो रिटर्निंग ऑफिसर जेएन ठाकुर, विकास चंद्रा व संदीप झा, को उनके आधिकारिक ईमेल पते पर ईमेल भेजकर नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। नामांकन दाखिले की अंतिम तारीख 6 सितंबर है। वैध नामांकनों की सूची 8 सितंबर को शाम 8 बजे तक ओए कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 9 सितंबर है।



### गुप्त मतदान से होगा चुनाव

भिलाई क्लब में सुबह 9:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक, सिटीजन क्लब, राजहरा माइंस में सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक और नंदिनी माइंस गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक गुप्त मतदान होगा। हिर्री माइंस और कुटेश्वर माइंस में कार्यरत सदस्य डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान करेंगे।अधिक जानकारी के लिए कर्मचारी रिटर्निंग ऑफिसर्स से कार्यालयीन समय में आईआर विभाग में संपर्क कर सकते हैं।निर्वाचन अधिकारियों ने सभी सदस्यों से मतदान और मतगणना के दौरान बाहरी हस्तक्षेप से मुक्त व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में सहयोग देने की अपील की है।

## जमीन के नाम पर लाखों की ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जमीन के नाम पर ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि माली मोहल्ला हुडको निवासी आशा वर्मा जेठ मनीराम वर्मा, जेठानी रेखा वर्मा के साथ में रहते है। वर्ष 2023 मे उरला दुर्ग में जमीन खरीदने जगह देखने गए थे। इस दौरान मकान 451 डा. अंबेडकर नगर के पी बंगले के पास वार्ड 58 उरला निवासी कमलेश चौरे नामक व्यक्ति से हुई, कमलेश चौरे ने बताया कि उनकी स्वयं के स्वामित्व की परिवर्तित भूमि उरला वार्ड 57 दुर्ग में स्थित है।

जमीन को बेचना चाहता है जिसका पहन 17/7 खसरा क्र 87/1 का टुकड़ा 3024 वर्ग फीट 48 63 ऋण पुस्तिका 1797085 को जेठानी रेखा वर्मा के नाम पर बेचने के लिये रकबा लगभग 1323 वर्ग फीट 21 63 फीट को पीड़ित के नाम पर बेचने के लिये जेठानी से 11 लाख 16 हजार 500 रुपये लिया। पीड़िता से 5 लाख 27 हजार 500 रुपये लेकर जमीन नही देकर ठगी किया।

कमलेश चौरे ने जमीन का दो इकरारनामा स्टाम्प पेपर पर बनाया और भूमि बेचने एक एग्रीमेंट भी किया। भूमि की कुल राशि 11 लाख 16 हजार 500 रुपये में जमीन का सौदा तय हुआ था। दूसरे जमीन का 5 लाख 27 हजार रुपये में बेचने का सौदा हुआ। रेखा वर्मा ने 2 लाख 16 हजार 500 और पीड़िता 1लाख 27 हजार 500 रुपये नगद कमलेश चौरे को दिया गया। रजिस्ट्री के लिए कमलेश चौरे टाल मटोल करते रहा। परेशान परिजनों से शिकायत पुलिस में किया।

## जवाहर नगर में अवैध निर्माण तोड़ने के दौरान विरोध, जोन आयुक्त से हुई कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वैशालीनगर जोन-2 स्थित जवाहर नगर में कतिपय सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा मंदिर के नाम पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह से हुई शिकायत के बाद निगम ने अतिक्रमण हटाया। सोमवार को कार्रवाई के दौरान मौके पर वैशालीनगर जोन आयुक्त ऐशा लहरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकर्ताओं ने विरोध भी किया। इस दौरान जोन आयुक्त से कहासुनी भी हुई। बावजूद इसके निगम ने कब्जा हटा दिया। बता दें कि शहर में लगातार अतिक्रमण की शिकायतें सामने आ रही है। इसके बाद निगम द्वारा कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इधर निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने सोमवार को नेहरू नगर भेलवा तालाब में आवश्यक सुधार कार्य, जुनवानी स्थित आनंद नगर में स्वीकृत रोड निर्माण, डिजाइनर पोल एवं तालाब की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। आयुक्त ने भेलवा तालाब के साफ-सफाई व्यवस्था को देखे और आवश्यक सुधार के लिए निर्देशित किया। जुनवानी स्थित आनंद नगर में नया रोड निर्माण किया जाना है। उक्त स्थल का अवलोकन कर रोड निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ करने निर्देशित किया। एजेंसी से मौके पर निगम आयुक्त द्वारा चर्चा किया गया है, जिसके अनुसार तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाएगा।



## दस स्कूलों के 98 विद्यार्थियों की सहभागिता, सांस्कृतिक विरासत से कराया अवगत

# इंटेक विरासत क्विज में डीपीएस भिलाई प्रथम, आदर्श कन्या द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटेक) के दुर्ग-भिलाई अध्याय द्वारा राष्ट्रीय विरासत क्विज का अध्याय स्तरीय आयोजन किया गया । दुर्ग-भिलाई के 10 विद्यालयों के 98 विद्यार्थियों ने सहभागिता दी ।

- 98 विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में लिया हिस्सा, परंपरागत आभूषणों के विषय में दी जानकारी

परिचर्चा में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डां. रजनी नेलसन ने दुर्ग ज़िले की ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासतों के विषय में प्रतिभागियों को अवगत कराया । उन्होंने महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले परम्परागत आभूषणों के विषय में जानकारी दी । कार्यक्रम के अध्यक्ष शिक्षाविद् डां. डीएन शर्मा ने ने कहा कि 454 करोड़ वर्ष आयु की हमारी धरती सबसे पुरानी व महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर है, जो पहाड़ों, ग्लेशियरों, नदियों, झरनों , समुद्र, जीव-जंतुओं आदि को समेटे हुए है ।



उन्होंने कहा कि देशज ज्ञान परम्परा तथा लोक परम्पराएँ, रीति रिवाज़, त्यौहार, लोक गीत व लोक नृत्य आदि हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर हैं। अध्याय की अध्यक्ष हंसा शुक्ला ने कहा कि बच्चों में विरासतों के महत्व के प्रति जागरूकता लाने और उनके संरक्षण हेतु प्रेरित करने के लिए राष्ट्रीय हेरिटेज क्विज का आयोजन हर वर्ष किया जाता है । 4 टीमों का चयन कर दूसरे चरण में मौखिक क्विज आयोजित कर विजेता चुने गए ।

स्पर्धा में डीपीएस भिलाई के निनाशी पंडा व सचित साहू की टीम विजेता तथा शास. आदर्श विद्यालय दुर्ग की सुधा सेन व साक्षी साहू की टीम उपविजेता रही । तृतीय स्थान शंकराचार्य विद्यालय हुडको के दक्ष जैन व दक्ष राठौर की टीम रही।

केपीएस भिलाई, शंकरा विद्यालय सेक्टर-10, डीएवी हुडको, मैत्री निकेतन रिसाली, महर्षि दयानंद विद्यालय भिलाई व स्वामी आत्मानंद स्कूल से. 9 की टीमों ने भी सहभागिता दी । इस अवसर पर. सहसंयोजक विद्या गुप्ता, चित्रकार डा महेश चतुर्वेदी, शानू मोहनन, कांति भाई सोलंकी, विश्वास त्रिपाठी व प्रतिभागी विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

## पारंपरिक खेल फुगड़ी, सुरीली दौड़ बाल पासिंग गेम खेलकर किया एंजॉय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छग कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज भिलाई नगर का तीजा पोरा महोत्सव कुर्मी भवन सेक्टर 7 में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में अनिता वर्मा, दुर्ग महापौर अल्का बाघमार, तारा चंद्राकर, प्रीति देशमुख, डॉ सरिता साहू उपस्थित थी। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने पारंपरिक खेल फुगड़ी, सुरीली दौड़, बाल पासिंग गेम खेलकर आनंद उठाया।

कार्यक्रम में लता ऋषि चंद्राकर, ऊषा कौशिक, राधिका देशमुख, माया अमृत, कांति वर्मा, रेणु देशमुख, शीला चंद्रा, रश्मि देशमुख, रूपा वर्मा, गायत्री कौशिक, ऊषा दिल्लीवार, सुरेखा धुरंधर, ललिता चंद्रा उपस्थित रहे। सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में प्रथम बबीता देशमुख, द्वितीय बिंदु नायक और तृतीय सरोज चंद्रा, शिवलिंग सजाओ में सुमन वर्मा विजेता रही। तीज क्वीन किरण चंद्रा को अतिथियों द्वारा क्राउन पहनाया गया। महापौर ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया।

तारा चंद्राकर और प्रीति देशमुख ने कुर्मी समाज में बढ़ रहे प्री वेडिंग शूट, सगाई आदि व्यर्थ के खर्चो पर रोक लगाने की बात कही। डॉ सरिता साहू ने नृत्य कर मंत्रमुग्ध कर दिया। अनिता वर्मा ने कुर्मी समाज की महिलाओं से मिलकर काम करने और समाज को आगे बढ़ाने की बात कही। लता ऋषि चंद्राकर गीत के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को मिलेगी पुरस्कार राशि

**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कक्षा 5वीं से महाविद्यालय स्तर तक कुल नौ वर्गों में होगी। इसमें उत्तीर्ण छात्रों को पुरस्कार राशि और शांतिकुंज हरिद्वार की निःशुल्क यात्रा तथा व्यक्तित्व निर्माण कैरियर गाईडेंस शिविर में भागीदारी कराया जाएगा। जिला स्तरीय नौ वर्गों मे प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को 700 रुपये, द्वितीय को 500 रुपये, तृतीय को 400 रुपये, साथ ही प्रतिक चिन्ह और प्रसस्ति पत्र दिया जायेगा। ब्लाक स्तरीय नौ वर्गो मे प्रथम, द्वितीय, एवम तृतीय स्थान धारको को विशेष प्रतीक चिन्ह और प्रसस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की नामिनल शीट और सहयोग राशि 15 सितंबर तक जमा कर सकेंगे। भारतीय सस्कृति ज्ञान परीक्षा तिथि 13 अक्टूबर को प्रातः 11.30 से एक बजे तक होगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की खण्ड समन्वय बैठक आज

**डौंडी लोहारा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड डौंडीलोहारा की प्रत्यक्ष खण्ड समन्वय बैठक 3 सितंबर को सरस्वती शिशु मंदिर डौंडी लोहारा में आयोजित होगी। यह बैठक प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक संपन्न होगी।बैठक के दौरान विभाग कार्यवाह राजनांदगांव डेमन पूर्ण समय उपस्थित रहेंगे। खण्ड कार्यवाह विनय कुमार खत्री ने बताया कि बैठक में संघ से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अपेक्षित है। सभी आमंत्रित बंधुओं एवं मातृशक्ति से आग्रह किया गया है कि निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व स्थल पर पहुंचकर बैठक में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### लीकेज का होगा मेंटेनेंस आज पेयजल प्रभावित

**दुर्ग।** यामाहा शो-रूम के पास मालवीय नगर नाले से होकर बिछी 600 एमएम डाया की क्लीयर वॉटर पाइपलाइन में बड़ा लीकेज है। इस वजह से 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से संबंधित शहर की टंकियां पूरी क्षमता से भर नहीं पा रही हैं। नतीजतन कई मोहल्लों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इसका मेंटेनेंस किया जाना है। इसके लिए 2 सितम्बर को पाइपलाइन को शटडाउन लिया गया है। 2 सितम्बर की सुबह पानी की आपूर्ति के बाद काम शुरू किया जाएगा। कार्य पूरा होने तक संबंधित क्षेत्रों में जलप्रदाय बाधित रहेगा। मरम्मत कार्य के चलते कई प्रमुख पानी टंकियों से जुड़ी कॉलोनियों और बस्तियों में जल आपूर्ति बाधित रहेगी।

### आर्थिक तंगी से परेशान पेंटर ने लगाई फांसी

**भिलाई।** आर्थिक तंगी से परेशान पेंटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। उसके 12 घंटे बाद उनकी पत्नी की भी मौत हो गई। घटना सिकोला बस्ती की है। मोहन के मुताबिक सिकोला बस्ती जैतखाम के पास रहने वाला पेंटर तिलक कुर्रे ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गटना के 12 घंटे बाद उनकी पत्नी शीतल कुर्रे बीमार होने के काण मौत हो गई। कुर्रे परिवार में दो बेटे है। जिसमें बड़ा बेटा जेल में है दूसरा नाबालिग है। बताया जा रहा है कि पत्नी मजदूरी कर परिवार चलाने में मदद करती थी। परिवार पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। इसी बीच शीतल को आंत की बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। उसका बड़ा ऑपरेशन हुआ, जिसमें 10 यूनिट खून चढ़ाया गया। ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन अस्पताल के खर्च ने परिवार की आर्थिक रुप से खराब हो गई। घर का बिजली भी कट चुकी थी। पूरी जिम्मेदारी नाबालिग बेटे पर आ गई थी। इन परिस्थितियों से टूटकर 31 अगस्त की शाम 4 बजे तिलक ने घर पर फांसी लगा ली।

## निधन

### गणेश राम यदु

**डौंडीलोहारा।** ग्राम बडगांव निवासी प्रसिद्ध रामायणी व टिकाकार तथा सेवानिवृत्त शिक्षक गणेश राम यदु 63 वर्ष का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज बुधवार को 11 बजे निकाली जाएगी।



## विधिक जागरूकता शिविर में हायर सेकंडरी के छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी

# मोबाइल पर आने वाले फर्जी काल से बचे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर के मुख्य वक्ता के रूप में व्यवहार न्यायाधीश वर्ग एक डौंडीलोहारा से सतप्रीत कौर छाबड़ा उपस्थित थीं।

विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को उन्होंने साइबर क्राइम एवं फ्रॉड के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि कोई भी बैंक का मैनेजर, पुलिस इंस्पेक्टर, कोई जज या किसी अस्पताल से कोई डॉक्टर किसी प्रकार का कोई फोन कॉल नहीं करते। यदि इस तरह के कॉल आपके मोबाइल पर आता है, और आपसे ओ टी पी या अन्य जानकारी प्रदान नहीं करना चाहिए। ऐसे फोन कॉल की जानकारी तुरंत 1903 पर दिया जाना चाहिए। किसी भी अनजान लिंक को कभी भी क्लिक करके उसे डाउनलोड नहीं करना है। इसी प्रकार 18 वर्ष से कम उम्र के छात्र-छात्राओं को दुपहिया या अन्य वाहन चलाने पर उन्हें या उनके माता-पिता को विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाने पर उनके लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को 3 साल के लिए आगे बढ़ा दिया जाता है, तथा वाहन जिसके नाम से रजिस्टर्ड है, 25000 तक जुर्माना भरना पड़ सकता है, की जानकारी प्रदान की गई। इसी कड़ी में न्यायाधीश मैडम जी के द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई जिसमें बालिकाओं को विद्यालय स्तर पर किसी छात्र के द्वारा शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर उसकी जानकारी पाक्सो बॉक्स में डालने तथा उसका संतुष्टि पूर्ण निदान नहीं होने पर पुलिस थाने में एफ आई आर करने की भी जानकारी प्रदान की गई। विधिक जागरूकता शिविर में श्री टुमन लाल साहू पैनल अधिवक्ता, विजय कुमार यादव पैनल अधिवक्ता, देवेंद्र कुमार साहू पी एल बी, संस्था के प्रभारी प्राचार्य एल के ठाकुर, व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम, अविनाश कुमार साहू, पुष्पा कटेंद्र, भूपेंद्र कुमार पटेल, हेमपुष्पा नाइक, सौरव शर्मा, हेमंत साहू आदि उपस्थित रहे।

## शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पूनम देशमुख को मिला राष्ट्रीय सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में आयोजित राष्ट्रीय खेल सम्मान समारोह में शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा की छात्रा पूनम देशमुख को महिला शतरंज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उपलब्धि हेतु सम्मानित किया गया।समारोह में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव द्वारा पूनम देशमुख को सम्मानित किया गया। मंत्री जी ने कहा कि ऐसी प्रतिभाएँ प्रदेश और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाती हैं तथा छात्र-छात्राओं को खेल के क्षेत्र में नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति, खेल प्रशिक्षक, प्राध्यापकगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। चेयरमैन राजन कुमार दुबे सहित महाविद्यालय परिवार ने पूनम देशमुख की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# कलेक्टर ने छात्रों के साथ मनाया जन्मदिन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले में अभिनव एवं शिष्ट परपंरा की शुरूआत करते हुए 2 सितंबर को अपना जन्मदिन जिले के डौण्डी ब्लॉक के आदिवासी बहुल ग्राम मंगलतराई के स्कूली बच्चों के साथ मनाया। इस मौके पर कलेक्टर ने स्कूली बच्चे, ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों को न्योता भोज भी दिया। कलेक्टर ने छात्रों को स्कूल बैग, टॉफी प्रदान कर स्नेह प्रदान किया। उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाईश दी। मौके पर उपस्थित कक्षा 7वीं की विद्यार्थी कुमारी हिना के परिजनों द्वारा छात्र के किडनी संबंधी बीमारी के इलाज हेतु मदद के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने पर कलेक्टर मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तलब कर बच्ची के इलाज की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने शाला परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया और समुचित देखभाल के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं को व्यवस्था सुनिश्चित कराने कहा।

- ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों के लिए किया न्योता भोज का आयोजन

## छग रजत जयंती पर हायर सेकंडरी में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| डौंडीलोहारा

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में छत्तीसगढ़ स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती सप्ताह के अंतर्गत प्रथम दिवस स्पीड रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें विद्यार्थियों द्वारा पाठ्य पुस्तकों की शुद्धता, स्पष्टता और शीघ्रता से वाचन किया गया।

द्वितीय दिवस व्यावसायिक कौशल विकास और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भगत, शास्त्री, पटेल और सुभाष नाम से चार सदनों में किया गया। इसमें शास्त्री सदन के मयंक, जय कुमार, युगल की टीम ने सर्वाधिक प्रश्नों के उत्तर देते हुए प्रथम एवं भगत सदन से रुशम, कुसुम सिन्हा और तोजेश्वरी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के स्कोरर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी और रवि देवांगन थे। तृतीय दिवस विद्यार्थियों द्वारा अपने गांव का इतिहास लेखन किया गया। सभी कार्यक्रम प्राचार्य आर के देवांगन की अध्यक्षता में आयोजित किए गए तथा संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, बिंदु साहू, बिंदु पटेल एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।



संघ ने ठप किया भिलाई इस्पात संयंत्र का लौह अयस्क परिवहन

# दल्लीराजहरा में परिवहन संघ का आंदोलन हुआ उग्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राजहरा परिवहन संघ दल्लीराजहरा की मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार उग्र रूप लेता जा रहा है। छठवें दिन संघ के सदस्यों ने डडसेना पुलिया के पास धरना देकर भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क परिवहन को पूरी तरह रोक दिया। इसके चलते महामाया, कलवर और ढुलकी खदानों से दल्लीराजहरा बंकर तक आने वाला करीब 600 ट्रिप लोह अयस्क परिवहन ठप हो गया।

सुबह 7 बजे से ही परिवहन संघ के सदस्य डडसेना पुलिया पर धरने में बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। आंदोलनकारियों के अवरोध के कारण कई गाड़ियां लोह अयस्क से लदी हुई खदानों और रास्तों में खड़ी रहीं, लेकिन आगे नहीं बढ़ सकीं। इस दौरान बीएसपी के अधिकारी और कर्मचारी मौके से आते-जाते रहे, मगर स्थिति जस की तस बनी रही।

परिवहन संघ के सदस्यों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा। ज्ञात हो कि संघ दल्लीराजहरा से भिलाई तक लौह अयस्क और नव निर्मित पैलेट प्लांट से पैलेट का आंशिक परिवहन कार्य दिए जाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन पर है।

शाम 5 बजे तक डडसेना पुलिया पर धरना जारी रखने के बाद संघ के सदस्य वापस माइंस ऑफिस समीप अनिश्चितकालीन धरना स्थल पर लौटे। लगातार छह दिन से चल रहे इस आंदोलन से न सिर्फ बीएसपी के उत्पादन पर असर पड़ रहा है, बल्कि खदान से लेकर संयंत्र तक पूरी सप्लाई चेन प्रभावित हो रही है।

# जनपद पंचायत सभागार में मोदी के मन की बात सुनी




**गुरूर।** जनपद पंचायत गुरूर के सभागार में प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात एवं दीदी के गोठ रेडियो कार्यक्रम को सुना गया। जिसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी समूह की दीदीयों की प्रेरणादायी कहानी सुनी गयी।

ग्रामीण महिलाएं समूह से जुड़कर कैसे लखपति दीदी बनी यह दीदी के गोठ कार्यक्रम में बताया गया। जिसमें जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद सदस्यगण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे, अति.मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके.बागड़े, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा योगेश देवांगन, उपअभियंता, सहायक विकास विस्तार अधिकारी लक्ष्मी ठाकुर एवं समस्त जपनद कार्यालय स्टाफ, संगम महिला संकुल संगठन धानापुरी के अध्यक्ष भोज बाई नागवंशी एवं सचिव सांवरी सलाम तथा समस्त बिहान कैडर उपस्थित थे।



## राष्ट्रीय खेल दिवस पर हायर सेकंडरी में हुई विभिन्न स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

भारत के महान जादूगर हॉकी के खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के नाम रहा। इस दिन पूरे भारत वर्ष में राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोहारा जिला बालोद में भी तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मोर खेल मोर गौरव विषय पर सभी वर्ग के खिलाड़ियों का मनोरंजन हेतु स्लो साइकिलिंग, आलू दौड़, रस्साखींच, बैक रनिंग, कुर्सी दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के रुप में देशभक्ति गीत एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य का सामूहिक प्रदर्शन भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर प्राचार्य टीआर यादव ने जीवन में खेलों का महत्व विषय पर अपनी बात रखी, विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने शारीरिक फिटनेस पर बल दिया। पीटीआई ऋतुराज निषादराज ने राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों की बेनर पोष्टर के माध्यम से प्रदर्शिनी लगाकर सभी बच्चों को सम्मानित किया। ज्ञात हो कि विद्यालय में धमतरी के विधायक ओंकारसाहू की उपस्थिति रहीं। उन्होंने खिलाड़ियों को पुरुस्कृत करते हुए बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश साहू ने पढाई के साथ साथ शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग एवं व्यायाम के महत्व को समझाया। विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हुए कोच ऋतुराज निषादराज ने बताया कि हमारे विद्यालय में शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती खिलाड़ी वेदप्रकाश, नेमीचंद, तामेश्वर, मगेन्द्र कुमार साहू, देवेन्द्रकुमार, कौशल कुमार दिल्ली में भाग ले चुके हैं।

किकबांक्सिंग में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर जावेन्द्र कुमार, ढालेश कुमार, तीरथ कुमार कॉस्य पदक प्राप्त कर चुके हैं। रोलबाल में चारु, नुपूर ने मान बढ़ाया। इसी तरह राष्ट्रीय स्तर पर गीतांजलि ने रोलबाल में रजत पदक प्राप्त कर पूरे छग में बोहारा जिला बालोद का नाम रौशन किया। ग्राम पंचायत बोहारा की सरपंच रेणुका देवदास एवं पंचगण ने आशीर्वाद दिया तथा व्याख्याता एके भेसले, आरएल सिन्हा, मुरलीधर दिल्लीवार, पोषण साहू, कविता कोमिया, अनिता साहू ने हर्ष व्यक्त किया।

- छात्रों ने देशभक्ति गीत एवं छत्तीसगढ़ी नृत्य की सामूहिक प्रस्तुति दी

# विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ली समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी लोहारा

स्कूल शिक्षा विभाग के दिए गए दिशा निर्देश के पालन में विकासखंड स्तरीय कार्य योजना के तहत विकासखंड डौंडीलोहारा के समस्त जोन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी हिमांशु मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अशवन साहू, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दिनेश मालेकर द्वारा 1 सितम्बर को जोन खेरथाबाजर रानाखुज्जी एवं 2 सितम्बर को प्रातः 11 बजे जोन दुधली सुरेगॉव एवं दोपहर 2 बजे जोन डौंडी लोहारा अरजपुरी की बैठक ली गई। इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान अंतर्गत शैक्षिक गुणवत्ता में वृद्धि के अंतर्गत मेंटर प्राचार्य ,मेंटर शिक्षक, मेंटर विद्यार्थी ,ग्रुप ऑफ़ टीचर की अवधारणा स्पष्ट करते हुए आगामी दिवस प्रत्येक संकुल स्तर एवं शाला स्तर पर कृत कार्रवाई करने हेत निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस में कक्षा पांचवी तथा आठवीं में शैक्षणिक गुणवत्ता के सुधार हेतु रिवीजन तथा उपचारात्मक कार्य हेतु संकुल स्तर पर कार्य योजना तैयार कर उस पर कार्यवाही हेतु प्राचार्य तथा संकुल समन्वयको निर्देशित किया गया।

## पेज 9 के शेष

### तांदुला बांध का जल ...

जलाशय से पानी निकलने के कारण तांदुला नदी में लगातार जल स्तर बढ़ते जा रहा है, ऐसे में अचानक तांदुला के छलकने के बाद नदी में जलस्तर बढ़ने की संभावना भी बनी हुई है, जिसे लेकर प्रशासन सजग नहीं है, ऐसे में नेवारीकला जैसे कई ऐसे ग्राम है, जहां ग्रामीण नदी में पूल नहीं होने के कारण नदी को पार कर आवागमन करने मजबूर है।

ऐसे में तांदुला के बढ़ने की जानकारी प्रशासन को नदी से लगे ग्रामों में स्थानीय स्तर पर देकर नदी से दूर रहने के लिए जागरूक करना चाहिए, ताकि बड़ी दुर्घटना से बचाव हो सके। वहीं जिले में बारिश के कारण लबालब भरे जलाशयों की बात करे तो तांदुला जलाशय में 98.70 प्रतिशत के साथ 38.30 फीट जलभराव हो चुका था। खरखरा जलाशय में 98.75 प्रतिशत जलभराव हो चुका था। मटिया मोती जलाशय में 98.10 प्रतिशत जलभराव हो चुका था। गोंदली जलाशय में 85.80 प्रतिशत के साथ 31.60 फीट जलभराव हो चुका था।

### कुपोषित बच्चों की समुचित ...

योजना अंतर्गत सड़कों एवं चौक-चौराहों में विचरण करने वाले गौवंश पशुओं को सुरक्षित रखने जिले के प्रत्येक विकासखण्ड गौधाम निर्माण कार्य के प्रगति की भी समीक्षा की। इसके लिए उन्होंने समिति गठित कर गौधाम निर्माण करने के लिए जगह का भी चयन करने की कार्रवाई को शीघ्र पूरा करने को कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गौधाम निर्माण हेतु चिन्हित स्थानों के संबंध में भी जानकारी दी।

### लीज की आड़ में जमीन ...

यह पूरा खेल राजनांदगांव के एक मुरम माफिया द्वारा किया जा रहा है और बालोद से मुरम निकालकर दुर्ग भेजी जा रही है। यह पहली दफा नहीं इससे पहले भी कई जगह इसी तरह छोटे दायरे पर अनुमति लेकर बड़े हिस्से पर माफिया मुरम खोदकर जमीन का सीना छलनी करते हैं, लेकिन लीज का हवाला देते हुए खनिज विभाग हमेशा से चुप्पी साध लेता है।

### कृषि विभाग की उच्च स्तरीय ...

निगरानी की जा रही है। जिले में कृषि आदान विक्रेताओं के द्वारा अनियमितता पाये जाने पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय टीम द्वारा कृषक बिसालीराम, ग्राम खलारी के खेत में पैडी ट्रांसप्लाटर से हुई धान की रोपाई का निरीक्षण किया गया। कृषक द्वारा बताया गया कि रोपाई की यह तकनीक आसान है एवं इसके उपयोग से लागत में काफी कमी आई है।

अधिकारियों द्वारा कृषक की प्रशंसा करते हुए उन्हें अन्य किसानों को भी प्रेरित कर रोपाई की इस उन्नत तकनीक से खेती करवाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान ग्राम खलारी में मेडों पर अरहर एवं तिल की फसल का अवलोकन किया गया, जहां समय पर कीटनाशक एवं उर्वरकों का उपयोग कर अधिक उत्पादन प्राप्त करने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, गुण्डरदेही उर्वरक निरीक्षक एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

### सिलाई का प्रशिक्षण ...

भावना भंडारी रेगाडबरी, चंद्रिका सहगांव आदि ने बताया कि बहुत ही सरल और सुलभ तरीके से लोकेश्वरी दीदी हमें सिलाई करना सिखाती है। लोकेश्वरी दूसरों को लिए प्रेरणास्रोत बनी है। आज भी अपने जैसी महिलाओं और युवतियों को आगे बढ़ाने के लिए वह उन्हें सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाती हैं तो वही राजनीति, समाज सेवा के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाती हैं। करीब 6 साल में 1000 से ज्यादा महिलाओं को लोकेश्वरी सिलाई कढ़ाई में पारंगत कर चुकी हैं। जो आज बेहतर मुकाम पर हैं। इनमें से कई लोग आज कुशल व्यवसाय कर रहीं हैं। वही कई लोग सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण देने स्व सहायता समूहों में भी जाती हैं।

**सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय :** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लोकेश्वरी साहू ना केवल राजनीतिक बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रही हैं। उनकी सक्रियता के कारण ही उन्हें तहसील साहू संघ में विशेष आमंत्रित सदस्य और विशिष्ट कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। लोकेश्वरी साहू अपनी राजनीतिक दिनचर्या के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं। घर गृहस्थी व व्यवसाय के साथ-साथ राजनीति को भी बेहतर तालमेल से चलाने की खूबियां उनमें भरी है।

### बेटे ने मां-पिता को ...

किया। मारपीट करने से मेरी पत्नी को बाये गाल, पीठ में तथा मुझे बाये जांघ, दोनों पसली, पीठ, कमर, बाये गाल में चोट पहुंची है। पीड़ित पिता ने बताया मेरा लड़का रविकुमार बंजारे पूर्व में भी लड़ाई झगड़ा किया था। पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

**न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.)**

**-:: उद्घोषणा ::-**

रा.प्र.क्र.- 2025082432000 ब/121 वर्ष 2024-25

सर्वसाधारण ग्राम कोंगनी, प.ह.नं. 26, रा.नि.म. डुण्डेरा, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद को सूचित किया जाता हैं आवेदक रोहित कुमार साहू आ. रामरतन साहू जाति तेली, निवासी ग्राम कोंगनी, तह. अर्जुन्दा, जिला बालोद द्वारा अपने पुत्र प्रकाश कुमार साहू आ. रोहित कुमार साहू का जन्म दिनांक 29.05.2002 को ग्राम कोंगनी में होना बताते हुए जन्म प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ चालान, अंकसूची, आधारकार्ड की छायाप्रति पेश किया है। भारत सरकार के जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 1969 तथा छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 में दिये गये प्रावधान के अंतर्गत जन्म मृत्यु रजिस्ट्रीकरण का कार्य किया जाता है जिसमें विलंब के लिये पंजीयन आदेश की मांग की गई है।

अतएव उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा /आपत्ति पेश करना है तो वह इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10/09/2025 को न्यायालीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है समयावधि समाप्ति पश्चात आये किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 25/08/2025 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
अर्जुन्दा, जिला बालोद

## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय में चेतन्या साहू का चयन

**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मुक्त आश्रम



हथौद करहीभदर की कक्षा षष्ठम में अध्ययनरत छात्र चेतन्या साहू पिता चन्द्रकान्त साहू का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली–बालोद में कक्षा षष्ठम में प्रवेश हेतु हुआ। चेतन्या साहू के चयनित होने पर विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार साहू, अध्यक्ष जागेश्वर सिंह साहू, व्यवस्थापक ओमप्रकाश गजेन्द्र, राजकुमार गांधी, डॉ.केपी.साहू, जीएल. खुरश्याम, तोषण साहू, लीला राम साहू, आचार्य बसंत पाण्डेय, भोजराम अटनागर सहित विद्यालय के समस्त आचार्य व दीदी ने हर्श व्यक्त की।

### महाविद्यालय में पुनः प्रवेश 5 सितंबर तक

**गुरूर।** मां बहादुर कलारिन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरूर मे पुनः ऑनलाईन प्रवेश हेतु पोर्टल 5 सितंबर तक के लिए प्रारंभ किया गया है। प्राचार्य ने बताया महाविद्यालय मे संचालित पाठ्यक्रम बीए, बीएससी, पीजीडीसीए, पीजी डिप्लोमा इन योगा की कक्षाएं संचालित की जा रही है। जिसमे प्रवेश हेतु कुछ सीट अभी रिक्त है। प्रवेश ऑनलाईन पद्धति से की जानी है, जिसके लिए परीक्षार्थी अपना ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

### मिनीमाता सम्मान के लिए मंगाई गई प्रविष्टियां

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिला उत्थान और उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष करने वाले एवं वीरता, शौर्य तथा साहस के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रतिवर्ष विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया जाता है। इसके अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के महिलाओं से मिनी माता सम्मान, बहादुर कलारिन सम्मान एवं वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी सम्मान के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस संबंध में इच्छुक महिला आवेदक 26 सितंबर तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कक्ष क्रमांक 79 संयुक्त जिला कार्यालय सिवनी में संपर्क कर अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी तथा आवेदन पत्र प्रारूप जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

### सिविक सेंटर में गंदगी देख जताई नाराजगी

**भिलाई।** सांसद विजय बघेल ने सोमवार की सुबह मार्निंग वॉक ग्रुप के साथ सेक्टर-6 स्थित सिविक सेंटर चौपाटी का निरीक्षण किया। दुकानदारों एवं होटल व्यवसायियों द्वारा किए जा रहे सीवरेज जाम और गंदगी की शिकायतें मिल रही थीं। मौके पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने तत्काल भिलाई नगर निगम एवं बीएसपी स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को फोन कर मौके पर बुलाया। सफाई करवाई। संयत्र के जीएम सिविल विष्णु पाठक, जावेद खान स्वास्थ्य अधिकारी को नियमित रूप से सफाई के लिए निर्देशित किया।

## डौंडीलोहारा में गणेशोत्सव की धूम



नूतन गणेश उत्सव समिति आजाद चौक धनगांव



विघ्नहर्ता गणेश उत्सव समिति बरपारा अंडी



सिद्धिविनायक गणेश उत्सव समिति आमापारा रेंगाडबरी



बाल गणेश उत्सव समिति कुम्हार पारा रेंगाडबरी



यादव गणेश उत्सव समिति डौंडीलोहारा

त्योहार

# गोंड समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाया नवा खाई पर्व

### नवा खाई महापर्व पर गोंड समाज ने एकजुट होकर साझा की खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

गोंड समाज द्वारा पुनांग तिंदाना पंडुम जिसे नवा खाई पर्व भी कहा जाता है। पुरातन कालीन परंपरा अनुसार ने फसल के आगमन की खुशी में प्रत्येक गोंड आदिवासी समाज द्वारा अपने अपने पेन पुरखे शक्तियों को नए अन्न जल अर्पित करते हैं तथा अपने-अपने पेन पुरखा माता-पिता व अपने से बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। इस दिन गोड़ी धर्म के मान्यता अनुसार कोरिया पत्ता (कोया अंश) से अपने मंडा पेन पुरखा, मुदीयाल पेन बुढ़ाल पेन माता-पिता की सेवा अर्जी कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

प्रतिवर्ष की भांति गोंडवाना समाज डौंडी द्वारा आदिवासी संस्कृति एवं प्रकृति शक्ति के महान आस्था का पर्व पुनांग तिंदाना पांडूम गोड़ी संस्कृति के रिति रिवाज एवं नीति व परंपरा अनुसार धूमधाम से एवं हर्षोल्लास के साथ



डौंडी गोंडवाना भवन में सामाजिक बंधुओं द्वारा बनाया गया जिसमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य साधना सोरी सर्किल ,अध्यक्ष नेम सिंह नुचार्य,टाकेश्वर आंचला, लिलेश्वरी धुर्वा, भगवती मरकाम, प्रदीप आंचला, नितेश धुर्वा, ज्ञान सिंह मरकाम,झगरू मरकाम, राजेन्द्र कुमेटी, मुरारी लाल गोंटा, रामनाथ मरकाम, योगेश टेकाम, हेमंत कोरेटी, तिलक सोरी,गिरधर टेकाम आदि उपस्थित रहे। समीर धुर्वे जिला मिडिया प्रभारी बालोद द्वारा बताया गया आज के दिन सभी सगाजन अपने-अपने घर में गांव में शांतिपूर्वक नवा खाई महापर्व को हर्षोल्लास के साथ गरिमा मय एवं सौहाद्र पूर्ण वातावरण में मनाते हुए अन्य माता को कोरिया पत्ता से लकांज ग्रहण करते हैं एवं सम्पूर्ण परिवार एक साथ मिलकर प्रसाद ग्रहण करते है।

### नवाखाई पर रामधुनी मंडली ने दी आकर्षक प्रस्तुति



**गुरूर।** ग्राम बड़भूम में नवयुवक मंडल गणेश उत्सव समिति द्वारा नवाखाई पर रात्रिकालीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जय मां शीतला रामधुनी मंडली ग्राम परसाही के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष साधु राम कुरेटी, सरपंच शिला संदीप यादव, दयालु कुंजाम, उपसरपंच रामाधार कुंजाम, आसाराम सलाम, जोहर उइके, भाव सिंह जूरी उपस्थित रहे। नवयुवक मंडल अध्यक्ष रिमेंद्र कुंजाम, उपाध्यक्ष पिंटू कुंजाम, तरुण मंडावी, सचिव रामनारायण उइके, कोषाध्यक्ष दुष्यन्त उईके, शीतेश्वर हिड़को, सरंक्षक जैल सिंह उईके, प्रमोद कुंजाम, दिगेश कांगे, सदस्य चंदन कुरेटी, कमलेश उईके, रूपेश मंडावी, दिनेश कांगे सहित ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिवम कुरेटी ने किया।

## शिक्षिका तनुजा के प्रयास से राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र परीक्षा में ब्लॉक के 6 गाईड को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला बालोद के डौंडी की शिक्षक तनुजा बंजारे ने इस वर्ष भी 6 गाईड को राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र परीक्षा में शामिल कर सफलता दिलाने में सहायता की।



साथ ही एक लीडर प्रशिक्षक के रूप में अप्रैल में राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी में स्पेशल कोर्स प्राथमिक उपचार विषय में एक सहायक प्रशिक्षक के रूप में एवं राज्य स्तरीय बेसिक प्रशिक्षण शिविर जिला नारायणपुर और जिला रायपुर में साथ ही जिला स्तरीय राज्य पुरस्कार पूर्वाभ्यास शिविर सेंट कबीर पब्लिक स्कूल बालोद में, जिला स्तरीय तृतीय सोपान सामुदायिक भवन डौंडी में एक प्रशिक्षक के रूप में योगदान रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तरीय डायमंड जुबली जंबूरी त्रिचि तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में आयोजित हुई, जिसमें राज्य प्रभारी के रूप में छत्तीसगढ़ का प्रदर्शनी एवं स्टेट डे के दिन छत्तीसगढ़ी विवाह का प्रदर्शनी के रूप में मंचन प्रभार का दायित्व का निर्वहन किया। 7 जुलाई को बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए विकासखंड डौंडी के ग्राम पंचायत साल्हाइटोला में 200 पौधारोपण कर पौधों को सुरक्षित रखने हेतु कार्यक्रम आयोजन किया। विकास खंड डौंडी के स्काउट गाइड ऑपरेश सिंदूर पर तिरंगा रैली का आयोजन में शामिल हुई।

साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रम ' घर घर स्वच्छता, घर घर तिरंगा, ' रैली डौंडी नगर में विकास खंड के स्काउट गाईड को शामिल करते हुए जागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश का आयोजन भी किया गया। विकास खंड स्तरीय डौंडी में विभिन्न सेवा कार्य जैसे सड़क सुरक्षा, गर्मी के दिनों माह अप्रैल मई में एक माह तक प्याऊ घर सेवा , लोकसभा चुनाव, नगरीय निकायों, पंचायत आदि चुनाव में पानी पिलाना, निःसक्त जनो को स्थल तक पहुंचाने में, सामुदायिक सेवा गौशाला आवारी नाला में सेवा कार्य , एड्स दिवस पर सामुदायिक केंद्र डौंडी में फल वितरण कर जागरूकता संदेश दिया।

## विधायक संगीता ने टीन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

संजारी बालोद विधानसभा विधायक संगीता सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चीरचारी में टीन शेड निर्माण कार्य के भूमिपूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। विधायक संगीता सिन्हा ने समस्त ग्रामवासी को गणेश उत्सव पर्व एवं नवीन शेड निर्माण की बधाई दी, अखिल भारतीय हल्बा हल्बी आदिवासी समय के टीना शेड निर्माण से ग्राम में होने वाले सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रम के लिए सुविधा प्रदान होगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जोन अध्यक्ष यशवंतपुरी गोस्वामी, सेक्टर अध्यक्ष भूषण आंधिया, उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दुर्गू राम सिन्हा, महामंत्री ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शादिक अली, विधायक प्रतिनिधि टोमन साहू, सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी हेमलता साहू एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।



## आत्म संयम और आत्म रक्षा के है पांच सूत्र : बालकदास



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- कॉलेज में हुआ मिशन साहसी का पांच दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंडीलोहारा द्वारा आयोजित मिशन साहसी 2025 के अंतर्गत पांच दिवसीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एकलव्य महाविद्यालय में किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जामडी पाटेश्वर धाम के संत राम बालक दास तथा अध्यक्षता तुलसी मानस प्रतिष्ठान छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश देशमुख ने की। विशिष्ठ अतिथि जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष जसराज शर्मा, डौंडी लोहारा भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संदीप लोढ़ा तथा प्राचार्य डॉ. रोशन आरा थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम बालक दास ने आत्म संयम और आत्म रक्षा के पांच सूत्रों को बताते हुए कहा कि शयन और ब्रम्ह मुहूर्त में उठने, भोजन, संभाषण, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास कर आत्मबल द्वारा आने वाले अनेक बाधाओं और चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। उन्होंने भगवान श्रीराम का लंका विजय की गाथा को विस्तार से बताते हुए आत्मरक्षा के सूत्रों को विश्लेषित किया। अध्यक्षता कर रहे जगदीश देशमुख ने स्वामी विवेकानन्द और युवा भारत को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि शिकागो वक्तृता के बाद भारत में स्वामी जी का पहला व्याख्यान मद्रास यूनिवर्सिटी में हुआ, जिसमें लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जैसे युवा चेतना उपस्थित थे।

देशमुख ने कहा कि स्वामीजी भारत में ऐसे युवा भारत का निर्माण करना चाहते जिनका शरीर, मन, बुद्धि, ज्ञान और प्रचंड पराक्रम बजरंग बली हनुमान की तरह हो, जो एक ही छलांग ने समुद्र पार कर सके। आप सब लोगों में समाहित प्रबल पुरुषार्थ से आत्मरक्षा का भाव युवा चेतना को घोर निराशा और अवसाद से बाहर निकाल सकता है। कार्यक्रम का संचालन मनीषा राणा ने किया।विद्यार्थी परिषद के दीपेश साहू, गीतांजलि सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## गौसेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष बने चंद्रशेखर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- गौसेवक, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता एवं मैत्री संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन में हुआ चुनाव

हाल ही में जिला बालोद के पाटेश्वर कौशल्या धाम में छत्तीसगढ़ गौसेवक, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता एवं मैत्री संघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन हुआ। इसमें प्रदेश के सभी जिलों से लगभग 1000 कार्यकर्ता शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य गोधाम योजना के लिए शासन व गौ सेवा आयोग का आभार व्यक्त करना तथा प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन करना था। गौ सेवा आयोग की पहल पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोधाम योजना लागू की गई है, जिसमें संघ के कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता से कार्य करने का अवसर दिया गया है। इसी खुशी में यह सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विशेसर पटेल, अध्यक्षता जगदीश देशमुख तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरूषोत्तम राजपूत, शंभूनाथ चक्रवर्ती, डॉ. डी.के. सिहारे सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे। सम्मेलन में सर्वसम्मति से चंद्रशेखर सिंह राजपूत को प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। वक्ताओं ने कहा कि गौ माता की सेवा से समाज में सद्भाव और संस्कृति का संरक्षण होता है। डॉ. सिहारे ने कहा कि गोधाम योजना में कार्य करने का अवसर मिलना कार्यकर्ताओं के लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर अतिथियों को प्रतीक चिन्ह और पुष्पहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानीराम यादव एवं राधेश्याम साहू ने किया। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए गोधाम योजना को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### बाइक चोरी करने वाले तीन युवक पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 62 क्वाटर 07 डी निवासी संतोष कुमार राव ने शिकायत किया कि गुरुवार साप्ताहिक बाजार सेक्टर 07 भिलाई से सीजी 07 एके 0540 जिसकी कीमत 85 हजार रुपये चोरी हो गई थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना दिया कि सेक्टर 6 भिलाई मे बाइक को बेचने तीन युवक ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, ऐमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### बालोद और गुरुर संघ ने आयोजित किया कार्यक्रम

## निजी चिकित्सक सम्मेलन में हुआ डॉक्टरों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





निजी चिकित्सक कल्याण संघ जिला बालोद एवं निजी चिकित्सक कल्याण संघ ब्लॉक गुरुर के तत्वावधान में चिकित्सक सम्मेलन एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के डॉ. दिवाकर पांडे, डॉ. राकेश कुमार मिश्रा, जिला संरक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ निजी चिकित्सा संघ रायपुर डॉ. हरिकृष्ण गजीर थे।

अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निजी चिकित्सक कल्याण संघ बालोद डॉ. गोपाल साहू ने किया। अति विशेष अतिथि जिला अध्यक्ष निजी चिकित्सक संघ धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. गजेंद्र कुमार साहू, निजी चिकित्सक कल्याण संघ गुरुर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. लीलाराम बनपेला, निजी चिकित्सक कल्याण संघ बालोद ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र साहू, निजी चिकित्सा कल्याण संघ ब्लॉक गुण्डरदेही डॉ. रोहित साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने कहा जिस तरह से आज अपना उपस्थिति प्रदान किए हो, ठीक उसी तरह अपने–अपने ब्लॉक में मासिक बैठक में उपस्थित रहे। संगठन को मजबूत बनाकर रखें, सभी चिकित्सकों को पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परदेसी राम ठाकुर और कार्यक्रम का आभार डॉ. झूमुख सार्वा ने किया। इस अवसर पर डॉ. बलराम साहू, डॉ. बीआर साहू, डॉ. देवाराम सार्वा, डॉ. हेमंत गोलेंद्र, डॉ. तुरेंद्र देशमुख, डॉ. नारद राम साहू, डॉ. टोडरमल साहू, डा. देवव्रत यादव, डॉ. नरोत्तम साहू, डा. गुमान साहू, डॉ. विनय साहू, डॉ. योगी, डॉ. उमेद निषाद, डॉ. अभिलाष साहू, डॉ. हरीश साहू, डॉ. प्रकाश साहू, डॉ. योगेश साहू, डॉ. ओम कलिहारी, डॉ. खिलेश्वर साहू सभी ब्लॉक के जिला के समस्त पदाधिकारी ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

